सं.11014/07/2020-रा.भा.(पत्रिका)

भारत सरकार

गृह मंत्रालय

राजभाषा विभाग

एनडीसीसी-II भवन, चौथा तल, बी विंग,
जय सिंह रोड, नई दिल्ली, दिनांक 01 मई, 2020

कार्यालय ज्ञापन

विषय- "राजभाषा भारती" के लिए लेखों का आमंत्रण ।

राजभाषा विभाग द्वारा त्रैमासिक पत्रिका "राजभाषा भारती" में राजभाषा, साहित्य तथा ज्ञान-विज्ञान पर स्तरीय व सरल हिंदी में सूचनाप्रद और ज्ञानवर्धक लेख प्रकाशित किये जाते हैं । विभिन्न तकनीकी और वैज्ञानिक विषयों पर हिंदी में लेखन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पत्रिका में श्रेष्ठ व स्तरीय लेखों को प्राथमिकता दी जाती है । यह पत्रिका केंद्र सरकार के मंत्रियों, सांसदों, उच्च अधिकारियों, केंद्र सरकार के कार्यालयों और हिंदी विद्वानों / लेखकों आदि को उपलब्ध करवाई जाती है ।

2. इस पत्रिका के आगामी अंक के लिए लेख आमंत्रित हैं । समसामयिक विषयों जैसे कोरोना-19 आदि पर लेख उपयोगी रहेंगे ।

3 अत: केंद्र सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों से अनुरोध है कि इस कार्यालय ज्ञापन को अपने सभी अधिकारियों/ कर्मचारियों, संबंद्ध अधीनस्थ कार्यालयों, उपक्रमों, बैंको निकायों आदि में प्रचालित करवा दे ताकि वे अपने लेख राजभाषा विभाग में भेज सकें । लेख भेजते समय लेखक यह प्रमाणित कर दें कि यह उनकी मौलिक व अप्रकाशित रचना है । लेख राजभाषा विभाग के पत्रिका अनुभाग में भेजे, इन्हें Email Id: patrika-ol@nic.in या ml.wadhwani@nic.in पर भी भेज सकते हैं ।

1/5/2020

(मोहन लाल वाधवानी)
निदेशक (पत्रिका)
दूरभाष:- 23438210/9868892106

सेवा में

भारत सरकार के सभी मंत्रालय/विभाग

सं.11014/07/2020-रा.भा.(पत्रिका) दिनांक 01 मई, 2020

प्रतिलिपि:-

1. वरिष्ठ निदेशक (तकनीकी), राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र, राजभाषा विभाग- कृपया इस कार्यालय ज्ञापन को राजभाषा विभाग की वेबसाइट पर अपलोड करवा दें ।
2. गृह मंत्रालय/ राजभाषा विभाग के सभी अधिकारी/कर्मचारी ।
3. निदेशक, केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो ।
4. प्रभारी निदेशक, केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान ।
5. सभी क्षेत्रीय कार्यालय ।
6. सचिव, संसदीय राजभाषा समिति ।